# INTELLIGENCE BUREAU

(Ministry of Home Affairs)

Government of India

| | |
|---|---|
| Test Date | 30/09/2025 |
| Test Time | 5:30 PM - 6:30 PM |
| Post Name | SECURITY ASSISTANT/EXECUTIVE |

**Q.1** **केंद्रीय बजट 2025-26 में घोषित, फसलों के जर्मप्लाज्म के लिए द्वितीय 'जीन बैंक (Gene Bank)' की स्थापना का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?**

Ans A). भावी खाद्य एवं पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करना
B). आनुवंशिकत: विकसित फसलों के शोध को बढ़ावा देना
C). संकर बीजों के निर्यात को बढ़ावा देना
D). बीज प्रमाणीकरण को केंद्रीकृत करना

**Correct Answer: A**

**Q.2** **भारत सरकार द्वारा शुरू की गई खेलो भारत नीति 2025 की मुख्य विशेषता क्या है?**

Ans A). यह खेल कार्यक्रमों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के साथ एकीकृत करता है।
B). यह अन्य क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए खेलों के लिए बजट आवंटन को कम करता है।
C). इसका उद्देश्य सभी राष्ट्रीय खेल महासंघों का निजीकरण करना है।
D). यह खेलों में महिलाओं और दिव्यांगजनों की भागीदारी को सीमित करता है।

**Correct Answer: A**

**Q.3** **केंद्रीय बजट 2025-26 में, निम्नलिखित में से किस पर बेसिक कस्टम्स ड्यूटी (Basic Customs Duty - BCD) को 10% से बढ़ाकर 20% कर दिया गया?**

Ans A). कैरियर ग्रेड (Carrier Grade) ईथरनेट स्विच
B). लिथियम आयन (Lithium Ion) बैटरी
C). वेट ब्लू लेदर (Wet Blue Leather)
D). इंटरैक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले (Flat Panel Display)

**Correct Answer: D**

**Q.4** **कौन-सी प्रक्रिया, पौधों को सूर्य की ऊर्जा और कार्बन डाइऑक्साइड का उपयोग करके शर्करा का उत्पादन करने की सुविधा देती है?**

Ans A). श्वसन
B). किण्वन
C). अंकुरण
D). प्रकाश संश्लेषण

**Correct Answer: D**

**Q.5** **सितंबर 2025 में, निम्नलिखित में से किसे एशियाई विकास बैंक में भारत के कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था?**

Ans A). एल. सत्य श्रीनिवास
B). जी. अपर्णा राव
C). पंकज कुमार मिश्रा
D). संजय बहादुर

**Correct Answer: A**

**Q.6** **अगस्त 2025 में घोषित, 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ फिल्म समीक्षक का पुरस्कार किसने जीता?**

Ans A). उत्पल दत्त (Utpal Datta)
B). संजीव पाराशर (Sanjib Parasar)
C). सुभाष साहू (Subash Sahu)
D). पीयूष ठाकुर (Piyush Thakur)

**Correct Answer: A**

**Q.7** **भारत के सबसे बड़े स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा सितंबर 2025 में निम्नलिखित में से किस स्थान पर किया गया था?**

Ans A). फरीदाबाद
B). सहारनपुर
C). बीकानेर
D). नारणपुरा

**Correct Answer: D**

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.8** वर्ल्ड बैंक स्प्रिंग 2025 पॉवर्टी और इक्विटी ब्रीफ (World Bank's Spring 2025 Poverty and Equity Brief) के अनुसार, $3.65/दिन रेखा पर भारत की गरीबी, 2011-12 में 61.8% से घटकर 2022-23 में ________ हो गई।

Ans A). 15.5% B). 41.0% C). 22.0% D). 28.1%

Correct Answer: D

**Q.9** सितंबर 2025 में, विशाखापट्टनम में AMTZ द्वारा लॉन्च किए गए 'आई-पासपोर्ट (i-Passport)' का उद्देश्य क्या है?

Ans A). फास्ट-ट्रैक मेडटेक नवाचार B). अंतरराष्ट्रीय यात्रा को सुगम बनाना C). विदेशी निवेशकों के प्रवेश में सहायता करना D). डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड बनाना

Correct Answer: A

**Q.10** केंद्रीय बजट 2025 में संकटग्रस्त आवास परियोजनाओं और घर खरीदारों को राहत देने के लिए कौन-सा फंड लॉन्च किया गया था?

Ans A). शहरी कायाकल्प मिशन B). नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन C). प्रधानमंत्री आवास योजना D). स्वामी फंड 2 (SWAMIH Fund 2)

Correct Answer: D

**Q.11** केंद्रीय बजट 2025-26 में, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के लिए कुल कितनी राशि आवंटित की गई है?

Ans A). ₹1,868.18 करोड़ B). ₹2,000.00 करोड़ C). ₹3,350.00 करोड़ D). ₹3,183.24 करोड़

Correct Answer: C

**Q.12** निम्नलिखित में से कौन-सी, हड़प्पा वास्तुकला की विशिष्ट विशेषता नहीं थी?

Ans A). सार्वजनिक स्नानघर B). पिरामिडनुमा मंदिर C). विशाल अन्न भंडार D). जलनिकास प्रणाली

Correct Answer: B

**Q.13** सरसों, गुलाब और पिटूनिया ____________ वाले पादपों के उदाहरण हैं।

Ans A). द्विलिंगी पुष्पों B). पृथक्लिंगी पुष्पों C). एकलिंगी पुष्पों D). अपूर्ण पुष्पों

Correct Answer: A

**Q.14** निम्नलिखित में से कौन-सा, कर्नाटक के विजयपुर में एक प्रसिद्ध स्मारक है जो मोहम्मद आदिल शाह का मकबरा है?

Ans A). हज़ीरा मकबरा B). परी महल C). गोल गुम्बज D). वज़ीर खान मस्जिद

Correct Answer: C

**Q.15** भारत में बाघ अभयारण्यों (Tiger reserves) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans A). बांधवगढ़ TR छत्तीसगढ़ में स्थित है, जबकि काजीरंगा TR मध्य प्रदेश में स्थित है। B). नामदाफा TR असम में है, जबकि डम्पा TR मणिपुर में है।
C). इंद्रावती TR छत्तीसगढ़ में है, और उदंती-सीतानदी TR भी छत्तीसगढ़ में है। D). नामेरी TR अरुणाचल प्रदेश में है, जबकि पक्के TR असम में है।

Correct Answer: C

**Q.16** 2025 में, कौन-सा राज्य न्यायिक कार्यवाही के दौरान विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की सहायता के लिए किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के अंतर्गत सांकेतिक भाषा इंटरप्रेटर और विशेष शिक्षकों को सूचीबद्ध करने वाला पहला राज्य बन गया?

Ans A). गुजरात B). बिहार C). पश्चिम बंगाल D). पंजाब

Correct Answer: A

**Q.17** निम्नलिखित में से किसे संरचनात्मक या भूमि-उपयोग उपाय के रूप में पहचाना जाता है, जो भारत में बाढ़ के प्रतिकूल प्रभावों को प्रभावी ढंग से कम करने में सहायता कर सकता है?

Ans A). नदी के बाढ़ क्षेत्रों में बस्तियों को प्रोत्साहित करना और मानवीय गतिविधियों को बढ़ावा दें
B). सतही अपवाह को बढ़ाने और अंतःस्यंदन को कम करने के लिए जलग्रहण क्षेत्रों को भारी मात्रा में पक्का (Pave) करें
C). अतिरिक्त जल के प्रवाह को तीव्र करने के लिए प्राकृतिक नदी मार्गों को व्यापक रूप से सीधा करें
D). जहां भी आवश्यक हो, चैनल से मानव अतिक्रमण हटाएं और बाढ़ के मैदानों को खाली करें

Correct Answer: D

**Q.18** भरतनाट्यम का वर्तमान स्वरूप बनने से पहले इसका मूल नाम क्या था?

Ans A). सादिर या दासी अट्टम B). सत्तरिया C). मोहिनीअट्टम D). कथक

Correct Answer: A

**Q.19** तमिलनाडु सरकार ने 2025 में अनाथ बच्चों को 18 वर्ष की आयु तक हर महीने आर्थिक सहायता प्रदान करके उनकी मदद करने के लिए कौन-सी योजना शुरू की?

Ans A). अम्मा नन्ना वोट (Amma Nanna Vote) B). अंबु करंगल (Anbu Karangal) C). पेनिन पेरुमई (Pennin Perumai)
D). उंगलुदन स्टालिन (Ungaludan Stalin)

Correct Answer: B

Q.20 महाराष्ट्र सरकार ने ₹5 लाख से अधिक की उच्च लागत वाले चिकित्सा उपचार (जैसे अंग प्रतिरोपण) को कवर करने के लिए कौन-सी योजना प्रस्तावित की है?

Ans A). ऐसे उपचारों के लिए कॉर्पस फंड का निर्माण B). आयुष्मान भारत राज्य योजना C). गंभीर बीमारी के लिए निःशुल्क बीमा D). महाराष्ट्र स्वास्थ्य सुरक्षा योजना

Correct Answer: B

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.1 एक उन्नत सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला 21cm की बाहरी त्रिज्या, 19cm की आंतरिक त्रिज्या और 25cm की ऊँचाई वाला एक पतला बेलनाकार खोल बना रही है। प्रयुक्त सामग्री के आयतन के परिमाण और खोल के सम्पूर्ण वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल (आंतरिक और बाहरी दोनों सतहों सहित) का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans A). 3 : 4 B). 1 : 1 C). 2 : 3 D). 1 : 2

Correct Answer: B

Q.2 तन्मय और समय मिलकर एक व्यवसाय शुरू करते हैं। तन्मय 7 महीनों के लिए समय से ₹87,000 अधिक निवेश करता है, जबकि समय 5 महीनों के लिए निवेश करता है। कुल ₹5,615 के लाभ में, तन्मय का हिस्सा समय के हिस्से से ₹1,123 अधिक है। तन्मय द्वारा निवेश की गई राशि ज्ञात कीजिए।

Ans A). ₹13,05,072 B). ₹13,05,017 C). ₹13,05,000 D). ₹13,05,156

Correct Answer: C

Q.3 यदि y = 3 है, तो संख्याओं y + 5, 6y + 6, और 4y का चतुर्थानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans A). 38 B). 36 C). 34 D). 32

Correct Answer: B

Q.4 27225 के वर्गमूल में अंकों की संख्या कितनी है?

Ans A). 3 B). 6 C). 5 D). 11

Correct Answer: A

Q.5 एक स्टोर, शर्ट की बिक्री पर '2 खरीदें 1 मुफ़्त पाएँ' स्कीम दे रहा है। प्रत्येक शर्ट की कीमत ₹1,600 है। इसके अतिरिक्त, स्टोर कुल बिल राशि पर 10% नकद छूट भी देता है। यदि तमन्ना 6 शर्ट खरीदना चाहती है, तो छूट के बाद उसे वास्तव में कितनी राशि (₹ में) का भुगतान करना होगा?

Ans A). 6,400 B). 5,500 C). 8,640 D). 5,760

Correct Answer: D

Q.6 51 – [25 – {21 – (12 – 9 + 7)}] का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 37 B). 34 C). 36 D). 35

Correct Answer: A

Q.7 एक रेलगाड़ी पहली 1280 km की दूरी 80 km प्रति घंटे की चाल से तय करती है और शेष 1920 km की दूरी 60 km प्रति घंटे की चाल से तय करती है। इसकी औसत चाल ज्ञात कीजिए।

Ans A). $63\frac{2}{3}$ km/hr B). $65\frac{2}{3}$ km/hr C). $66\frac{2}{3}$ km/hr D). $64\frac{2}{3}$ km/hr

Correct Answer: C

Q.8 एक विनिर्माता, थोक-विक्रेता को 12% लाभ पर एक उत्पाद बेचता है। थोक-विक्रेता, इसे खुदरा-विक्रेता को 25% लाभ पर बेचता है, और खुदरा-विक्रेता इसे ग्राहक को 25% लाभ पर बेचता है। यदि ग्राहक ₹511 का भुगतान करता है, तो विनिर्माता के लिए लागत मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 291 B). 289 C). 292 D). 293

Correct Answer: C

Q.9 एक सेल के दौरान, 30% माल को 40% लाभ पर बेचा जाता है, शेष 20% माल को 37% लाभ पर बेचा जाता है, और उसके बाद शेष माल को 48% हानि पर बेचा जाता है। यदि समग्र हानि x% है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 9.7 B). 7.5 C). 7.9 D). 5.7

Correct Answer: A

Q.10 2 cm आंतरिक व्यास वाले एक वृत्ताकार पाइप से पानी 5 मीटर प्रति सेकंड की दर से, 100 cm आधार त्रिज्या वाले एक बेलनाकार टैंक में बहता है। 15 मिनट में पानी का स्तर कितना बढ़ जाएगा?

Ans A). 38 cm B). 50 cm C). 45 cm D). 44 cm

Correct Answer: C

Q.11 रवि अपनी मासिक आय का 48% भोजन पर और शेष आय का तीन-चौथाई भाग किराए पर खर्च करता है। यदि वह प्रति माह ₹7,488 की बचत करता है, जो भोजन और किराए पर खर्च करने के बाद शेष राशि के आधे के बराबर है, तो उसकी मासिक आय तथा भोजन और किराए पर कुल व्यय के बीच अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans A). ₹14,125 B). ₹14,245 C). ₹14,796 D). ₹14,976

Correct Answer: D

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.12** तीन बर्तनों की धारिताओं का अनुपात 3 : 5 : 7 है तथा ये पानी मिले दूध से पूरी तरह भरे हुए हैं। बर्तनों के मिश्रण में दूध और पानी का अनुपात क्रमशः 5 : 3, 7 : 2 और 7 : 3 है। पहले मिश्रण का एक-तिहाई भाग, दूसरे मिश्रण का $\frac{1}{5}$ वां भाग और तीसरे मिश्रण का $\frac{1}{7}$ वां भाग लेकर एक नया मिश्रण तैयार किया जाता है, जिसे एक नए बर्तन में रखा जाता है। नए मिश्रण में पानी का प्रतिशत (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 30.51% B). 29.91% C). 31.48% D). 27.21%

**Correct Answer: B**

**Q.13** एक व्यक्ति नाव से धारा की दिशा में एक निश्चित दूरी 8 घंटे में तय करता है, जबकि धारा की विपरीत दिशा में समान दूरी को तय करने में उसे 14 घंटे लगते हैं। स्थिर जल में नाव से समान दूरी के 4/5 भाग को तय करने में उसे कितने घंटे लगेंगे?

**Ans** A). $9\frac{6}{65}$ घंटे B). $7\frac{3}{25}$ घंटे C). $6\frac{5}{11}$ घंटे D). $8\frac{8}{55}$ घंटे

**Correct Answer: D**

**Q.14** जल संकट के कारण, प्रारंभिक जनसंख्या का 12% हिस्सा शहर छोड़कर चला गया, और शेष जनसंख्या के 25% लोगों ने नौकरी की तलाश में शहर छोड़ दिया। यदि वर्तमान में शहर में 660 लोग रहते हैं, तो प्रारंभिक जनसंख्या और वर्तमान जनसंख्या का अनुपात ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 50 : 33 B). 55 : 32 C). 57 : 40 D). 53 : 36

**Correct Answer: A**

**Q.15** एक शोधकर्ता सूक्ष्मजीव विज्ञान प्रयोग के लिए एक विशिष्ट संवर्धन प्लेट डिज़ाइन करता है। यह प्लेट एक आयत से बनी है जिसके एक किनारे पर एक अर्धवृत्त लगा हुआ है। आयत का माप 18cm × 12cm है, और अर्धवृत्त 12cm वाली एक भुजा से जुड़ा हुआ है। संपूर्ण संवर्धन प्लेट का परिमाप क्या है? (π = 3.14 का उपयोग कीजिए)

**Ans** A). 68.68 cm B). 66.84 cm C). 67.85 cm D). 68.92 cm

**Correct Answer: B**

**Q.16** X और Y किसी कार्य को अकेले क्रमशः 40 दिन और 60 दिन में पूरा कर सकते हैं। यदि वे X से शुरू करते हुए बारी-बारी से एक-एक दिन कार्य करें, तो कार्य को पूरा होने में कितना समय लगेगा?

**Ans** A). 54 दिन B). 36 दिन C). 48 दिन D). 45 दिन

**Correct Answer: C**

**Q.17** 30 पुरुष किसी कार्य को 24 दिनों में पूरा कर सकते हैं। उसी कार्य को 45 दिनों में पूरा करने के लिए आवश्यक पुरुषों की संख्या कितनी होगी?

**Ans** A). 18 B). 16 C). 17 D). 15

**Correct Answer: B**

**Q.18** क्रमशः 64%, 23% और 38% की तीन क्रमिक छूटों के बराबर एकल प्रतिशत छूट (दशमलव के ठीक 1 स्थान तक) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 75.9% B). 77.1% C). 82.8% D). 91.1%

**Correct Answer: C**

**Q.19** एक पंसारी को क्रमशः ₹263 और ₹242 प्रति kg मूल्य वाले चावल की दो किस्मों को किस अनुपात में मिलाना चाहिए, ताकि प्राप्त चावल का मिश्रण ₹248 प्रति kg मूल्य का हो?

**Ans** A). 3 : 4 B). 2 : 5 C). 7 : 3 D). 15 : 7

**Correct Answer: B**

**Q.20** एक शंकु की त्रिज्या और ऊर्ध्वाधर ऊंचाई का अनुपात 5 : 12 है। इसका वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल 40,040 $cm^2$ है। शंकु का व्यास (cm में) कितना होगा? ($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

**Ans** A). 70 B). 160 C). 140 D). 80

**Correct Answer: C**

**Q.1** किसी निश्चित तरीके से, EV 7 का संबंध AQ 2 से है। उसी तरीके से, TJ 5 का संबंध PE 0 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, SO −2 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

**Ans** A). PJ −7 B). PI −5 C). OJ −7 D). OI −5

**Correct Answer: C**

**Q.2** G बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और पश्चिम की ओर 18 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 16 km ड्राइव करता है, फिर बाएँ मुड़ता है और 21 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 23 km ड्राइव करता है। वह अंत में बाएँ मुड़ता है और 3 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर पुनः पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

**Ans** A). 5 km; पश्चिम की ओर B). 6 km; पूर्व की ओर C). 7 km; दक्षिण की ओर D). 4 km; उत्तर की ओर

**Correct Answer: C**

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.3** यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

17 B 6 D 18 A 2 C 4 = ?

Ans A). 90 B). 97 C). 82 D). 85

**Correct Answer: B**

**Q.4** यदि संख्या 5362178 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans A). एक भी नहीं B). एक C). दो D). तीन

**Correct Answer: A**

**Q.5** निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

PLE -1 RJH -3 THK -9 VFN -27 ?

Ans A). GHY -22 B). XDQ -81 C). QIO -31 D). MHD -73

**Correct Answer: B**

**Q.6** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). QU-LO B). NR-IK C). KO-FI D). TX-OR

**Correct Answer: B**

**Q.7** एक निश्चित कूट भाषा में,

A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है' और
A # B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'।

यदि 'R – V # N # G + V # L' है, तो L का R से क्या संबंध है?

Ans A). पुत्री का पुत्र B). माता का भाई C). माता का पिता D). बहन का पुत्र

**Correct Answer: C**

**Q.8** निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी है।

(बाएँ) X W B Y T O R U X B B W S O V (दाएँ)

दी गई श्रृंखला के दाएँ छोर से चौथे और बाएँ छोर से सातवें अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला श्रृंखला में कितने अक्षर हैं?

Ans A). दो B). चार C). तीन D). एक

**Correct Answer: B**

**Q.9** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

19 36 70 121 189 ?

Ans A). 267 B). 276 C). 291 D). 274

**Correct Answer: D**

**Q.10** एक निश्चित कूट भाषा में, 'RIPE' को '2784' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'PEAR' को '2948' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी भाषा में 'A' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans A). 2 B). 9 C). 8 D). 7

**Correct Answer: B**

**Q.11** P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले उसी सप्ताह के अलग-अलग दिन है। V की परीक्षा मंगलवार को है। V और Q के बीच ठीक 3 व्यक्तियों की परीक्षा है। T की परीक्षा, U की परीक्षा के ठीक पहले है तथा S की परीक्षा U की परीक्षा के ठीक बाद है। T और R के बीच केवल 1 व्यक्ति की परीक्षा है।
रविवार को किसकी परीक्षा है?

Ans A). T B). R C). S D). P

**Correct Answer: D**

**Q.12** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

2 1 5 7 17 ?

Ans A). 32 B). 30 C). 33 D). 31

**Correct Answer: D**

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.13** P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले उसी सप्ताह के अलग-अलग दिन है। S की परीक्षा मंगलवार को है। S और T के बीच ठीक 2 व्यक्तियों की परीक्षा है। Q की परीक्षा, U की परीक्षा के ठीक पहले है तथा V की परीक्षा R की परीक्षा के ठीक बाद है। U और R के बीच केवल 1 व्यक्ति की परीक्षा है। सोमवार को किसकी परीक्षा है?

Ans A). P B). Q C). V D). U

**Correct Answer: A**

**Q.14** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
कुछ टैबलेट, कैप्सूल हैं।
सभी कैप्सूल, इंजेक्शन हैं।

निष्कर्ष:
(I): कुछ टैबलेट, इंजेक्शन हैं।
(II): सभी इंजेक्शन, कैप्सूल हैं।

Ans A). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। B). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। C). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। D). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

**Correct Answer: C**

**Q.15** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'PAST' को '0128' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'STEP' को '6102' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'E' का कूट क्या है?

Ans A). 1 B). 0 C). 2 D). 6

**Correct Answer: D**

**Q.16** निम्नलिखित अक्षर और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) L P ? @ N F & ? @ Z Y N D C R T Z B = ? Q (दाएं)

ऐसे कितने अक्षर हैं, जिनके ठीक पहले एक प्रतीक और ठीक बाद एक अक्षर है?

Ans A). एक B). चार C). तीन D). दो

**Correct Answer: D**

**Q.17** एक निश्चित कूट भाषा में,
A = B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',
A $ B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A @ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
और A * B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'A = R $ F * B @ K' है, तो A का K से क्या संबंध है?

Ans A). पत्नी की बहन B). पत्नी C). पिता की बहन D). पत्नी के पिता की बहन

**Correct Answer: D**

**Q.18** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
कुछ शीशे, दरवाजे हैं।
सभी दीवारें, दरवाजे हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ शीशे, दीवारें हैं।
(II) सभी दरवाजे, दीवारें हैं।

Ans A). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। B). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। C). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। D). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

**Correct Answer: B**

**Q.19** सात व्यक्ति, X, Y, Z, C, D, E और F, एक गोल मेज के परित: उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। E, Z के दाईं ओर चौथे स्थान पर बैठा है। D के बाईं ओर से गणना करने पर D और X के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। F, Y के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। Y और X का निकटतम पड़ोसी C है। D के दाईं ओर से गणना करने पर D और C के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans A). दो B). चार C). तीन D). एक

**Correct Answer: A**

Q.20 A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परित: मेज के केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। C, B के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है। A, E के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। G और A के बीच केवल B बैठा है। D, C का निकटतम पड़ोसी नहीं है। G के दाएं से गिनती करने पर G और E के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Ans** A). 4 B). 3 C). 2 D). 1

**Correct Answer: B**

Q.1 Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.

A person who is unfairly blamed for something done by others

**Ans** A). Perpetrator B). Bystander C). Culprit D). Scapegoat

**Correct Answer: D**

Q.2 Sentences of a paragraph are given below in jumbled order. Arrange the sentences in the correct order to form a meaningful and coherent paragraph.
A. Proponents of the harms-based approach focus on the idea that to dehumanise someone is to treat them in a way that harms their humanity; whereas proponents of the psychological approach focus on the idea that to dehumanise someone is to think of them as less than human.
B. However, there is an ongoing debate about how to develop this basic characterisation.
C. Other theorists adopt a pluralistic view that combines elements of both approaches.
D. Dehumanisation is widely thought to occur when someone is treated or regarded as less than human.

**Ans** A). BDAC B). BACD C). DBAC D). DABC

**Correct Answer: C**

Q.3 Select the most appropriate synonym of the highlighted word in the given sentence.

After the scandal broke, the company's stock prices began to **plummet** overnight.

**Ans** A). spearhead B). rebound C). fluctuate D). nose-dive

**Correct Answer: D**

Q.4 Select the most appropriate option to fill in the blank.

We must leave now ________ it is getting dark.

**Ans** A). as long as B). since C). as soon as D). when

**Correct Answer: B**

Q.5 Select the most appropriate meaning of the given idiom.

A dime a dozen

**Ans** A). Less than 12 in number B). Very cheap C). Imported goods D). Common and not special

**Correct Answer: D**

Q.6 Select the most appropriate option that rectifies the underlined incorrectly spelt word in the given sentence.

National Review covered the <u>legredimean</u> used by Stalin and then again by Putin to fuel their rise to absolute power.

**Ans** A). legardemain B). lagerdimain C). legerdemain D). legerdamean

**Correct Answer: C**

Q.7 Select the most appropriate option to fill in the blank.

The policy was introduced last year, _____ its effectiveness remains questionable.

**Ans** A). as if B). yet C). since D). whether

**Correct Answer: B**

Q.8 Select the most appropriate meaning of the given proverb.

Throw someone under the bus

**Ans** A). To blame someone for personal benefit B). To rescue someone in crisis C). To give someone credit D). To hide someone's mistake

**Correct Answer: A**

Q.9 Select the most appropriate option to fill in the blank.

They have taken an initiative to launch ___________.

**Ans** A). childrens' games B). children's games C). childrens games D). children games

**Correct Answer: B**

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.10** **Sentences of a paragraph are given below in jumbled order. Arrange the sentences in the correct order to form a meaningful and coherent paragraph.**

**P: This one leads through a dark plantation of fir trees and brings you out between low cliffs to the loneliest and ugliest little bay on all our coasts.**
**Q: Our house is high up on the Andaman coast and there are beautiful walls all around us in every direction except one.**
**R: One is called the North spit and another the South.**
**S: The sand hills here run down to the sea and end in two stretches of rock, sticking out opposite to each other.**

**Ans** A). RQPS B). QPSR C). QRSP D). SQRP

**Correct Answer: B**

**Q.11** **Select the most appropriate article to fill in the blank. If no article is needed, select 'No article required'.**

**I bought _____ box of chocolates for Raina in the afternoon.**

**Ans** A). the B). a C). No article required D). an

**Correct Answer: B**

**Q.12** **Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.**

**To remove fears, doubts and false ideas, usually by proving them wrong or unnecessary**

**Ans** A). Impede B). Quell C). Dispel D). Rebut

**Correct Answer: C**

**Q.13** **Select the most appropriate punctuation mark to be used in place of the blank. If no punctuation mark is required, select 'No punctuation required'.**

**The new political party decided to do a door_________to_________door campaign.**

**Ans** A). Hyphens (-) B). Semi colons (;) C). Commas (,) D). No punctuation required

**Correct Answer: A**

**Q.14** **Select the most appropriate synonym of the underlined word in the given sentence.**

**The army <u>retreated</u> after facing heavy resistance.**

**Ans** A). excuse B). fathom C). flourish D). withdrew

**Correct Answer: D**

**Q.15** **Identify the INCORRECTLY spelt word from the four highlighted words in the given sentence.**

**At the extremity of the desert, the inquisiteve traveller discovered an ancient covenant, its secrets meant to tantalise the minds of those who dared to seek the truth.**

**Ans** A). tantalise B). inquisiteve C). covenant D). extremity

**Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

JMW Turner's 'The Fighting Temeraire' became a 'national celebrity' when it was first unveiled in 1839, and its (1) ___________ has endured to the present day. It was once (2) ___________ Britain's favourite painting and (3) __________ features on £20 banknotes. But the widely (4) ____________ interpretation of this iconic painting's message might, in fact, (5) _________ Turner's true intentions.

**SubQuestion No : 16**

**Q.16** **Select the most appropriate option to fill in blank no. 1.**

**Ans** A). dishonour B). infamy C). eminence D). notoriety

**Correct Answer: C**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

JMW Turner's 'The Fighting Temeraire' became a 'national celebrity' when it was first unveiled in 1839, and its (1) ___________ has endured to the present day. It was once (2) ___________ Britain's favourite painting and (3) __________ features on £20 banknotes. But the widely (4) ____________ interpretation of this iconic painting's message might, in fact, (5) _________ Turner's true intentions.

**SubQuestion No : 17**

**Q.17** **Select the most appropriate option to fill in blank no. 2.**

**Ans** A). ratified B). enacted C). voted D). endorsed

**Correct Answer: C**

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

JMW Turner's 'The Fighting Temeraire' became a 'national celebrity' when it was first unveiled in 1839, and its (1) ___________ has endured to the present day. It was once (2) ___________ Britain's favourite painting and (3) ___________ features on £20 banknotes. But the widely (4) ___________ interpretation of this iconic painting's message might, in fact, (5) _________ Turner's true intentions.

**SubQuestion No : 18**

**Q.18 Select the most appropriate option to fill in blank no. 3.**

Ans A). instantly B). currently C). initially D). simultaneously

**Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

JMW Turner's 'The Fighting Temeraire' became a 'national celebrity' when it was first unveiled in 1839, and its (1) ___________ has endured to the present day. It was once (2) ___________ Britain's favourite painting and (3) ___________ features on £20 banknotes. But the widely (4) ___________ interpretation of this iconic painting's message might, in fact, (5) _________ Turner's true intentions.

**SubQuestion No : 19**

**Q.19 Select the most appropriate option to fill in blank no. 4.**

Ans A). assumed B). imagined C). adapted D). accepted

**Correct Answer: D**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

JMW Turner's 'The Fighting Temeraire' became a 'national celebrity' when it was first unveiled in 1839, and its (1) ___________ has endured to the present day. It was once (2) ___________ Britain's favourite painting and (3) ___________ features on £20 banknotes. But the widely (4) ___________ interpretation of this iconic painting's message might, in fact, (5) _________ Turner's true intentions.

**SubQuestion No : 20**

**Q.20 Select the most appropriate option to fill in blank no. 5.**

Ans A). contend B). contradict C). contrive D). contemplate

**Correct Answer: B**

**Q.1 चंडीगढ़, नई दिल्ली और जयपुर को किस प्रकार के नगरों के रूप में वर्गीकृत किया गया है?**

Ans A). औद्योगिक नगर B). प्रशासनिक नगर C). धार्मिक नगर D). परिवहन नगर

**Correct Answer: B**

**Q.2 भारत में राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (National Judicial Appointments Commission - NJAC) की शुरुआत किस सांविधानिक संशोधन अधिनियम द्वारा की गई?**

Ans A). 99वें संशोधन अधिनियम, 2014 B). 73वें संशोधन अधिनियम, 1992 C). 44वें संशोधन अधिनियम, 1978 D). 86वें संशोधन अधिनियम, 2002

**Correct Answer: A**

**Q.3 किसके शासनकाल को मुगल वास्तुकला का स्वर्ण काल कहा जाता है?**

Ans A). जहाँगीर B). शाहजहाँ C). अकबर D). औरंगजेब

**Correct Answer: B**

**Q.4 भारत में संसदीय समितियों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

Ans A). प्राक्कलन समिति में लोक सभा और राज्य सभा दोनों के सदस्य शामिल होते हैं।

B). संयुक्त संसदीय समितियों में विशिष्ट राष्ट्रीय मुद्दों की जांच के लिए दोनों सदनों के सदस्य शामिल होते हैं।

C). विभाग-संबंधित स्थायी समितियों का गठन संविधान के अनुच्छेद 105 के अंतर्गत किया जाता है। D). लोक लेखा समिति केवल केंद्र सरकार के खातों की जांच करती है।

**Correct Answer: B**

**Q.5 कौन-सा कारक यह वर्णन करता है कि समान अक्षांश होने पर भी ऊटी, निकटवर्ती कोयम्बटूर की तुलना में ठंडा क्यों है?**

Ans A). मरुस्थलीय स्थान B). समुद्र से निकटता C). ऊंचाई का अंतर D). हवाओं की दिशा

**Correct Answer: C**

**Q.6 हरिषेण द्वारा रचित प्रयाग प्रशस्ति किस गुप्त शासक के शासनकाल के बारे में जानकारी प्रदान करती है?**

Ans A). चंद्रगुप्त द्वितीय B). श्रीगुप्त C). कुमारगुप्त प्रथम D). समुद्रगुप्त

**Correct Answer: D**

**Q.7 कौन-सा युग्मन, उदाहरण के साथ रिफाइनरी प्रकार को सुमेलित करता है?**

Ans A). क्षेत्र-आधारित - मथुरा; बाजार-आधारित - पानीपत B). क्षेत्र-आधारित - हल्दीया; बाजार-आधारित - कोयली C). क्षेत्र-आधारित - डिगबोई; बाजार-आधारित - बरौनी D). क्षेत्र-आधारित - बरौनी; बाजार-आधारित - डिगबोई

Correct Answer: C

**Q.8 कौन-सा वर्णन भारत में बागान कृषि (plantation agriculture) को सर्वोत्तम ढंग से परिभाषित करता है?**

Ans A). केवल वर्षा आधारित उच्च भूमि वाले चावल क्षेत्रों तक सीमित क्रिया B). खुली सामुदायिक भूमि पर पशुओं का सामूहिक चरागाह C). पारिवारिक आवश्यकताओं के लिए धान्य और दालें उत्पादित करने की एक विधि D). आधुनिक इनपुट के साथ एक ही फसल की खेती करने वाले बड़े पैमाने के एस्टेट

Correct Answer: D

**Q.9 भारत में विधायी शक्तियों को तीन सूचियों, संघ सूची, राज्य सूची और __________ में विभाजित किया गया है।**

Ans A). संघीय सूची B). क्षेत्रीय सूची C). समवर्ती सूची D). अनन्य सूची

Correct Answer: C

**Q.10 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन लॉर्ड डलहौजी द्वारा प्रस्तुत किए गए व्यपगत सिद्धांत के प्रभाव की सर्वोत्तम व्याख्या करता है?**

Ans A). इसने रियासतों के शासन को पूर्णतया समाप्त कर दिया। B). इसने पुरुष उत्तराधिकारियों के न होने पर आश्रित रियासतों को ब्रिटिश भारत में मिला लिया। C). इसने भारत में औद्योगिक विकास को बढ़ावा दिया। D). इसने भारतीय शासकों को पूर्ण स्वायत्तता प्रदान की।

Correct Answer: B

**Q.11 परमाणु ऊर्जा संयंत्रों और उनके संबंधित स्थानों के निम्नलिखित युग्मों में से कौन-से युग्म का गलत मिलान है?**

Ans A). मद्रास परमाणु ऊर्जा संयंत्र - तमिलनाडु B). तारापुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र - महाराष्ट्र C). नरोरा परमाणु ऊर्जा संयंत्र - गुजरात D). कैगा बिजली उत्पादन केंद्र - कर्नाटक

Correct Answer: C

**Q.12 भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में यह चर्चा है कि 'धन विधेयक, राज्य सभा में प्रस्तुत नहीं किया जाएगा'?**

Ans A). अनुच्छेद 108 B). अनुच्छेद 106 C). अनुच्छेद 107 D). अनुच्छेद 109

Correct Answer: D

**Q.13 जल जीवन मिशन का प्राथमिक उद्देश्य निम्नलिखित में से कौन-सा है?**

Ans A). सभी ग्रामीण परिवारों को कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध कराना B). गांवों में उचित जल आपूर्ति और स्वच्छता सुनिश्चित करना C). समुद्री जल को विलवणीकरण करना तथा प्रत्येक ग्रामीण परिवार को उपलब्ध कराना D). ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन और जल संरक्षण को बढ़ावा देना

Correct Answer: A

**Q.14 भारत की प्रथम पंचवर्षीय योजना (1951-56) मुख्य रूप से किस पर केंद्रित थी?**

Ans A). भारी उद्योगों के माध्यम से औद्योगीकरण B). परिवहन एवं संचार का विकास C). सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में वृद्धि D). भूमि सुधार एवं कृषि विकास

Correct Answer: D

**Q.15 निम्नलिखित में से कौन-सा, ऋण की शर्तों का एक घटक नहीं है?**

Ans A). कागजात (Documentation) B). ब्याज दर (Interest rate) C). समर्थक ऋणाधार (Collateral) D). ऋण का स्रोत (Source of credit)

Correct Answer: D

**Q.16 किस घटना के कारण महात्मा गांधी ने 1920 में असहयोग आंदोलन शुरू किया?**

Ans A). जलियाँवाला बाग हत्याकांड और ख़िलाफ़त मुद्दा B). भारत छोड़ो प्रस्ताव C). साइमन कमीशन रिपोर्ट और महाड़ सत्याग्रह D). पूना समझौता

Correct Answer: A

**Q.17 निम्नलिखित में से कौन-सी फसल मूल रूप से भारत में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (NFSM), जब इसे 2007 में लॉन्च किया गया था, के अंतर्गत शामिल नहीं थी?**

Ans A). दाल B). गेहूं C). मक्का D). चावल

Correct Answer: C

**Q.18 किस सांविधानिक संशोधन को उसके द्वारा हुए व्यापक परिवर्तनों के कारण 'लघु संविधान' कहा जाता है?**

Ans A). 52वां संशोधन, 1985 B). 61वां संशोधन, 1989 C). 73वां संशोधन, 1992 D). 42वां संशोधन, 1976

Correct Answer: D

**Q.19 केंद्रीय बैंकों द्वारा मुद्रा आपूर्ति और ब्याज दरों को विनियमित करने के लिए की गई कार्रवाइयों को निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प संदर्भित करता है?**

Ans A). औद्योगिक नीति B). व्यापार नीति C). राजकोषीय नीति D). मौद्रिक नीति

Correct Answer: D

**Q.20** **गांधी-इरविन समझौते (1931) की मुख्य विशेषता क्या थी?**

**Ans** A). पाकिस्तान की मांग की स्वीकृति

B). असहयोग आंदोलन का अंत

C). सविनय अवज्ञा का निलंबन और राजनीतिक कैदियों की रिहाई

D). डोमीनियन स्टेटस पर समझौता

**Correct Answer: C**